# अब सरकारी अस्पतालों में दलालों पर रखी जाएगी नजर

## आज लगी चोट, 20 दिन बाद कराओ एक्सरे तब होगा इलाज




नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 अक्टूबर, शहर की सरकारी अस्पताल और मेडिकल कालेज में कई बड़े प्रायवेट अस्पताल और नर्सिंग होम संचालकों के दलाल सक्रिय हैं. यह दलाल अस्पतालों में भर्ती मरीजों को पैसा और फ्री में इलाज कराने का झांसा देकर उनको प्रायवेट अस्पतालों में ले जाते है. जहां पर आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज किया जाता है. जिसमें प्रायवेट अस्पताल संचालको की मोटी कमाई हो जाती है वहीं दलालों को भी भी मोट कमीशन मिल जाता है.**

इस तरह की शिकायतें कई दिनों से सामने आ रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं देते हैं. जिसके चलते दलालों को प्रायवेट अस्पतालों के संचालक खुलेआम नियमों को ताक पर रख कर आयुष्मान कार्ड से पैसा बना रहे हैं. पिछले के तीन बड़े अस्पतालों के नाम भी सामने आ रहे हैं. लगातार सुर्खियों में रहने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस पर लगाम कसने की कवायद की है और दलालों पर नजर रखने की बात भी कही जा रही है. आयुष्मान कार्ड धारक एवं अन्य मरीजो को शासकीय स्वास्थ्य संस्था से अशासकीय संस्थाओ में अवैध तरह से स्थान्नातरित किये जाने के सबंध मे अखबारों में प्रकाशित खबरों को सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने संज्ञान में लेते हुए संबंधितों को शासन स्तर पर जारी एसओपी का पालन सुनिश्चित कराने की हिदायत देते हुए निर्देश दिए हैं कि शासकीय अस्पतालो में घूम रहे दलालो के द्वारा अशासकीय संस्था में मरीज को ले जाने के प्रलोभन दिए जा रहे. संबंधित शासकीय चिकित्सालय प्रभारी इस ओर विशेष ध्यान देंगे. सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने अपने अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्था में ऐसे व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्णत: प्रतिबंध लगावे, इस हेतु सीसीटीव्ही कैमरे से वार्डो क्षेत्रों की निगरानी की जाए. जहां इस प्रवत्ति के व्यक्ति बार-बार आ रहे है. ऐसे व्यक्तिध्व्यक्तियो को उनके विरूद्ध नजदीकी थाने में शिकायत प्राथमिकी दर्ज करावे, साथ ही संस्था के कर्मचारियो पर भी कढ़ी निगरानी रखी जावे, यदि कोई चिकित्सक कर्मचारी संदिग्ध लगता है, तो इसकी गतिविधियो की जांच करवाई जाए.

### कई दिनों बाद मिल पाएगा इलाज

हाल में मेडिकल कालेज से एक चौकाने वाला मामला सामने आया है. किलाअंदर निवासी एक युवक की अंगुली में चोट आ गई थी. जिसका इलाज कराने के लिए वह मेडिकल कालेज में गया जहां पर पर्चा बनवाने के बाद जब वहां पर मौजूद डाक्टर को दिखाया तो डाक्टर ने जांच करते हुए कहा कि पहले इसका एक्सरे कराओं उसे देखने के बाद इलाज शुरू होगा. जब वह इलाज कराने के लिए गया तो उसे 13 अक्टूबर का समय दिया गया. यानि की इस तारीख को एक्सरा होगा और उसके बाद इलाज शुरू होगा.

# ग्रामीणों ने जनपद सीईओ पर लगाए आरोप, कार्यवाही की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 अक्टूबर, शनिवार को अहमदपुर कस्बा निवासी ग्रामीण बड़ी संख्या में जिला पंचायत सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे और जनपद पंचायत विदिशा के सीईओ गगन वाजपेई की लिखित शिकायत की गई. इस दौरान उन्होंने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है.**



उन्होंने आवेदन में बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन पंचायत भवन में किया गया था, जिसमें गांव के अन्य सदस्य सहित पंचायत के सरपंच, सचिव और जनपद सीईओ मौजूद थे. इस दौरान ग्रामीणों से पंचायत संबंधी शिकायत और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई. ग्रामीण तेज सिंह कुशवाह ने नल जल योजना, ग्रेवल सड़क सहित कई अन्य मुद्दों पर अपनी शिकायत दर्ज कराई. जिस पर जनपद सीईओ भड़क गए. ग्राम सभा की बैठक के दौरान जनपद सीईओ ने अपने गुस्से को काबू में रखा और ग्राम सभा खत्म होने के बाद बाहर आकर अपने अन्य साथियों और अपने अन्य कर्मचारियों से कहने वालों की यह बहुत बड़ा नेता बन रहा है यह कौन है और मुझे पास बुलाया. उन्होंने कलेक्टर को लिखित में शिकायत करते हुए जनपद सीईओ पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है और कहा कि इस प्रकार से आगे से किसी भी अधिकारी द्वारा ग्रामीणों के साथ इस प्रकार का व्यवहार न किया जाए. इस दौरान अरविंद श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, दिनेश सेन, महेश शर्मा, रामेश्वर किरार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

## एक नजर में

### आतिशबाजी लायसेंस ऑनलाइन 13 तक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** आतिशबाजी लायसेंस के लिए फुटकर पटाखा विक्रेताओं को लायसेंस देने के लिए निर्देश जारी किए गए है दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी विक्रेता 13 अक्टूबर तक एमपी ई सर्विस पोर्टल के माध्यम से आंतिशबाजी लायसेंस के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन लोक सेवा सेवा केंन्द्र के माध्यम से करना होगा. शहरी क्षेत्र के लिए आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन की हार्ड कॉपी कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा. इस संबंध में बताया गया कि आतिशबाजी लायसेंस के आवेदन के साथ पुलिस चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट फोटो, वोटर आईडी, एवं आधार कार्ड की छायाप्रति और निर्धारित शुल्क लोक सेवा केंद्र के माध्यम से जमा करना होगा.

### एक दिन में 65 समितियों में 353 किसानों ने पंजीयन कराया

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सोयाबीन की फसल लेने वाले किसानों के लिए भावांतर योजना के तहत पंजीयन कार्य तीन अक्टूबर से विदिशा जिले में भी शुरू हुआ पहले दिन ही 65 समितियों में 353 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. भावांतर योजना के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार भाव के बीच के अंतर की राशि सरकार देगी पंजीयन के बाद भावांतर योजना में सोयाबीन का विक्रय 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक किया जा सकेगा. राशि फसल विक्रय के 15 दिवस के अंतर किसानों के खाते में डीवीडी के माध्यम से दी जाएगी.

# विदिशा के दो खिलाड़ियों का मप्र अंडर-19 फुटबॉल टीम में चयन

## जम्मू में देंगे राष्ट्रीय स्तर पर हुनर का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिले के लिए गर्व का क्षण उस समय सामने आया जब 69वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता ( अंडर-19 ) में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश की टीम जम्मू रवाना हुई, जिसमें विदिशा जिले के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी स्थान मिला. रवाना होने से पहले विदिशा रेलवे स्टेशन पर एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

जहां स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. 22 सदस्यीय मध्यप्रदेश टीम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से चयनित खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें भोपाल संभाग से 4, सागर से 2, उज्जैन से 1, इंदौर से 4, नर्मदापुरम से 2, जनजातीय कार्य विभाग से 3 तथा जबलपुर से 2 खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के साथ जनरल मैनेजर वरिष्ठ खेल शिक्षक राजेंद्र यादव और कोच रविकांत नामदेव, मैनेजर गोपाल रघुवंशी भी रवाना हुए.

# सेंटमेरी के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,सेंट मेरी पीजी कॉलेज के बी.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने 4 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार अदानी विल्मर का औद्योगिक भ्रमण किया. इस इंडस्ट्री विजिट का आयोजन प्रोफेसर बीएम बघेल, प्रोफेसर ममता कौशिक एवं प्रोफेसर वैशाली के निर्देशन में संपन्न हुआ.**




भ्रमण के दौरान अदानी विल्मर के एचआर श्री पटेल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उद्योग की कार्यप्रणाली एवं व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराया. उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न औद्योगिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी, जिससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी प्राप्त हुआ.भ्रमण उपरांत विद्यार्थियों ने अपने अनुभव विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश शाह एवं डॉ. गिरीश सुर्जन के समक्ष साझा किए.इस अवसर पर फादर शिंटो, फादर जोबी एवं सिस्टर प्रभावती ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी भविष्य के उद्योगपति हैं और इस प्रकार के अनुभव आपके करियर को नई दिशा देंगे.

# 183 स्कूलों को हरित क्रांति अभियान के तहत जमीन की गई थी आवंटित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि जिले के शासकीय स्कूलों को हरित क्रांति के तहत विद्यालयों के पास धारित भूमि की जानकारी का गहन अवलोकन सभी तहसीलदार सुनिश्चित करें. उन्होंने निर्देशित किया कि इस भूमि का सर्वे कराकर उसकी स्थिति स्पष्ट की जाए तथा जो भूमि नीलामी योग्य है, उसकी नीलामी की कार्रवाई प्राथमिकता से करवाई जाए. कलेक्टर ने कहा कि यह कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण की जानी चाहिए ताकि शासन की योजनाओं के अनुरूप राजस्व वृद्धि एवं जनहित में संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सके. नीलामी से प्राप्त धनराशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरतो को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नीलामी संबंधी समस्त प्रक्रिया पूर्णत: पारदर्शी और नियमानुसार होनी चाहिए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. संयुक्त कलेक्टर एवं जिला नोडल अधिकारी निकिता तिवारी ने बताया कि जिले के 183 स्कूलों को हरित क्रांति अभियान के तहत भूमि आबंटित की गई है.

# लोकल फॉर वोकल को दिया बढ़ावा

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर,भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में जनपद सभागार ग्यारसपुर में मंडल स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया. कार्यशाला के प्रभारी अनिल सोनकर ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पित आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकल फॉर वोकल ही राष्ट्र की आत्मनिर्भरता की नींव है. उन्होंने आह्वान किया कि हर कार्यकर्ता जनता को जागरूक करे कि वे बाजार से अधिकाधिक स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी करें और स्थानीय उत्पादों को महत्व दें.कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता गुलाबचंद भावसार, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, मंडल महामंत्री शिवराज रघुवंशी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश सोनी सहित प्रताप सिंह रघुवंशी, बाबूलाल कुशवाहा, संजय रघुवंशी, शुभम मिश्रा, भगवान सिंह कुशवाहा, हरगोविंद कुशवाहा, रमेश कुशवाहा, हाकम सिंह किरार, राघवेंद्र शर्मा, भारत सिंह कुशवाहा, भागवत लोधी आदि मौजूद थे.

## वेल्डिंग की दुकान पर चोरी

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत अहमदपुर रोड पर चुंगी नाके के नजदीक एक वेल्डिंग की दुकान पर शुक्रवार की रात चोरों ने धावा बोलकर वेल्डिंग मशीन, ग्राइंडर, कॉपर आदि के सामान चोरी कर लिए. संचालक अंकुर गुप्ता ने बताया कि लगभग 60 हजार से 65 हजार की चोरी हुई है. शनिवार की सुबह जब शटर खोला तब चोरी का पता चला. पुलिस ने मौके पर पहुंच कर तफ्तीश की तो वहीं अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की गई है.

# शब्द सामर्थ्य का हुआ विमोचन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, मुनिराज 108 संभव सागर जी महाराज श्री के सत्संग सानिध्य एवं आशीर्वाद द्वारा महावीर बिहार के सभागार में साहित्यकार संघ एवं सृजन परिदृश्य के सृजन शील रचना करो की रचनाओं का संग्रह शब्द सामर्थ्य स्मारिका का विमोचन नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, रक्त सेवा समिति के संरक्षक राजेश जी तिवारी, श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष डॉ विमल सिंह ओसवाल वरिष्ठ समाजसेवी कमल ओसवाल, लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की शिक्षा समिति के अध्यक्ष भाई अनिल ओसवाल वरिष्ठ समाजसेवी राजेश माथुर शिक्षाविद तेज नारायण श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी भाई सुरेश जी तनवानी, पूर्व विधायक श्रीमती लीनासंजय जैन वरिष्ठ समाजसेवी बाबू भाई पिंगले,, धर्म प्रेमी पूर्व स्टेशन मास्टर बाबूजी शिखर चंद जैन, वरिष्ठ समाजसेवी सतीश जैन मंत्री द्वारा किया गया.विमोचन के पूर्व आचार्य श्री गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विमोचन करता हूं द्वारा पूर्ण श्रद्धा सहित भाव सन अर्पित किए गए.इस गरिमामयआयोजन को सकलजैन समाज की अभूतपूर्व उपस्थिति ने दिव्यता एवं भव्यता प्रदान की.**

साहित्यकार प्रोफेसर ऋ षभ कुमार जैन ऋषभ बिंदास कमलेश सोनी वेदराज निहाल सिंह पंथी राकेश जैन विद्युत चंद्र कुमार तारण, अनिल त्रिपाठी राजेश भावसार फहीम बसोदबी अशोक साहब पेंटर, डॉ महेंद्र प्रताप मेहता, शिखर चंद शिखर गीतकार राजेश नेमा गीतकार अशोक जैन ओपी प्रजापति, मेहताब सिंह विश्वकर्मा, भरत सराठे भारतीय सहित अनेक साहित्य का संगीतकार गीतकार की गरिमा मय उपस्थिति में हुए. इस विमोचन समारोह को स्मरणीय बना दिया. यह स्मारिका स्मृति शेष वरिष्ठ साहित्यकार बाबूलाल महेश्वरी, बाबूलाल चाचा डॉक्टर मदन लाल वैद्य, बद्री प्रसाद भारतीय सीता राम मनमौजी एडवोकेट नेमीचंद जैन सुधीर को श्रद्धा सुमन सहित समर्पित है.

# भारत माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सोशल मीडिया पर भारत माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. इस दौरान पुलिस रास्ते में आरोपी को पैदल लेकर निकली. वही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने हिंदू संगठनों के साथ मिलकर तहसील पहुंचकर भारत माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी पर रासुका की कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा.**



जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर एक स्थानीय नागरिक द्वारा की गई पोस्ट पर कांग्रेसी नेता असद खान जिलानी ने भारत माता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. जिसको लेकर हिंदू समाज एवं संगठनों में भारी आक्रोश था. उन्होंने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की मांग की थी. इसके बाद पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था. इसके बाद पुलिस आरोपी को पैदल लेकर पहुंची. वही शनिवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हिंदू संगठनों के साथ मिलकर तहसील पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा. जिसमें उन्होंने भारत माता के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले आरोपी पर रासुका के तहत कार्यवाही करने एवं उसकी अवैध गतिविधियों की जांच करने की मांग की.

### कुरवाई में भी भारत माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले युवक पर रासुका की मांग

कुरवाई नगर में भारत माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले जिहादी युवक असद खान जिलानी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल ने विरोध दर्ज कराया.इस संबंध में बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया तथा एसडीएम मनीष कुमार जैन को कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि असद खान जिलानी द्वारा की गई टिप्पणी से नगरवासियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. इससे समाज में तनाव का माहौल पैदा हो सकता है.लोगों ने इसे देशभक्ति और सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताते हुए ऐसे असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई की मांग की.ज्ञापन में युवक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई करने की बात कही गई, इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और युवा मौजूद रहे.प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया.सचिन यादव विभाग संयोजक बजरंगदल मुकेश तिवारी जिला महामंत्री भाजपा मंजीत तिवारी जिला सह संयोजक बजरंगदल राजेश लोधी मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह दांगी मिंटू परिहार योगेन्द्र पवार मनोज दांगी रवि लोधी आकाश राजपूत नितिन रैकवार अंशुल रैकवार आदि मौजूद थे.

### आनंदपुर में भी दिया गया ज्ञापन, रासुका कार्रवाई की मांग

सोशल मीडिया पर भारत माता पर आपत्तिजनक टिप्पणी ने पूरे नगर का माहौल गर्म कर दिया. सकल हिंदू समाज और विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की टीम रात के समय थाने पहुंची और जिहादी युवक असद खान जिलानी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया.

### पठारी में भी भारत माता को डायन कहने का विरोध सौंपा ज्ञापन

पठारी में विगत दिनों सिरोंज में एक युवक के द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक पर भारत माता को डायन बताया गया है.इसके विरोध में क्षेत्र की समस्त हिंदू समाज के द्वारा कलेक्टर के नाम का ज्ञापन पठारी थाना प्रभारी को सौपा गया है.समस्त हिंदू समाज के नागरिक स्थानीय खुरई मार्ग पर एकत्रित हुए और जुलूस के रूप में थाना परिसर में पहुंचे और ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि भारत माता के प्रति अपशब्द का प्रयोग करने पर हम सब की राष्ट्रीय और धार्मिक भावना आहत हुई इसलिए उक्त आरोपी को देशद्रोही करार देते हुए युवक पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है. ज्ञापन में फेसबुक कमेंट का स्क्रीनशॉट भी शामिल किया गया है.इस अवसर पर बालाजी धाम बडोह के महंत श्री विष्णु दास जी महाराज बलराम सिंह यादव राजेश रिछारिया राजभान सिंह यादव राकेश तिवारी अखिलेश पंथी शैलेंद्र चौधरी नीरज ठाकुर शिवकुमार यादव गोलू रिछारिया निरंजन कुशवाह राकेश यादव भानु महाराज सहित काफी संख्या में हिंदू संगठनों के लोग मौजूद रहे.


झांकियां

## झांकियों में ढोल-ताशों से गूंजा नगर, रात 11 बजे से सुबह 10 तक हुआ मूर्तियों का विसर्जन

# शमशाबाद में मां शक्ति का भव्य विसर्जन

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद,शारदीय नवरात्र के समापन पर शुक्रवार रात में मां शक्ति की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया. भक्तों ने नम आंखों से मां की आरती उतारी और विदाई दी. पूरा नगर 'जय माता दी' के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा.**



सांपन नदी तट पर नगर परिषद द्वारा क्रेन की विशेष व्यवस्था की गई थी.परिषद कर्मियों ने विधिवत रीति से प्रतिमाओं का विसर्जन कराया.चल समारोह में नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े.श्रद्धालुओं ने देर रात तक झांकियों और धार्मिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया.नगर की सड़कों पर भक्तिमय वातावरण बना रहा.30 से अधिक झांकियों का चल समारोह निकाला गया.इस अवसर पर नगर की विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां सजाई गईं.उज्जैन, भोपाल, विदिशा, बीनागंज, नरसिंहगढ़ और खुजनेर से आए 400 से अधिक ढोल-ताशा वादकों ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया.रंग-बिरंगी रोशनी से सजे मार्गों पर जब झांकियां निकलीं तो पूरा नगर देवी मां के जयकारों से गूंज उठा.बस स्टैंड क्षेत्र की झांकियों में कलाकारों ने शिव नृत्य सहित कई धार्मिक प्रस्तुतियां दीं, वहीं महानीम चौराहा समिति द्वारा माता काली की भव्य झांकी और नृत्य प्रस्तुति दर्शकों का केंद्र बनी रही.वहीं मेला ग्राउंड झांकी में खुजनेर से आए डी जे भक्ति धुन व रंग बिरंगी रोशनी से सभी का मन मोहा.व्यवस्थाओं की निगरानी एसडीएम अजय प्रताप सिंह, तहसीलदार प्रेमलता पाल, नगर निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार और सीएमओ अनिल विदुआ ने अपनी टीमों के साथ की.चल समारोह में पुलिस, नगर परिषद, चौकदार, पटवारी और वन विभाग के लगभग दो सौ से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई.

समापन अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी व पार्षदों द्वारा सभी समितियों की झांकियों की आरती उतारी गई तथा उन्हें फूलमालाओं और स्मृति चिन्हों से सम्मानित किया गया.मां शक्ति की भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक उत्सव से सराबोर शमशाबाद की रात भक्तिमय माहौल में जगमगाती रही.